झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द

- 24 दिन के छात्र आंदोलन के बाद बड़ा फैसला
- 2014 से सभी परीक्षाओं की सीआईडी जांच

रांची, 17 अगस्त. झारखंड में जेपीएसएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच राज्य सरकार ने सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के साथ करीब चार घंटे तक बैठक के बाद जेएसएससी परीक्षा रद्द करने की घोषणा की. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से अब तक हुई सभी परीक्षाओं की सीआईडी जांच कराई जाएगी.

सरकार के इस फैसले से परीक्षा प्रक्रिया और भर्ती में कथित गड़बड़ियों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच नया घटनाक्रम सामने आया है. झारखंड में छात्र पिछले 24 दिनों से आंदोलन और अनशन कर रहे हैं. उनकी प्रमुख मांगों में जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ी परीक्षाओं को रद्द करने के साथ कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराना शामिल है. आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए और जिन मामलों में गड़बड़ी के आरोप हैं, उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. इसी बीच जेएसएससी और जेपीएसएससी की परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों का एक वर्ग भी सरकार के पास पहुंचा. इन अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द नहीं करने की अपील की.

राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा था पत्र

विवाद के बीच कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था. पत्र में उन्होंने छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से आंदोलनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने और उनकी चिंताओं को सुनने का आग्रह किया था. राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं की बात सुनना और समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाना जरूरी है. राहुल गांधी की चिट्ठी को लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने सवाल उठाए. उन्होंने आरोप लगाया कि पत्र मुख्यमंत्री को सलाह देने के बजाय निर्देश देने जैसा है और सवाल किया कि यदि छात्रों की चिंताओं को लेकर इतनी गंभीरता है तो राहुल गांधी स्वयं रांची जाकर उनसे क्यों नहीं मिले.

विकास का रोडमैप तैयार करेंगे शिवराज

नई दिल्ली, 17 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को लाल किले से घोषित 'शक्ति की सप्त धारा' के तहत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 अगस्त को पूसा परिसर, नई दिल्ली में दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों को संकल्प दिलाएंगे.

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, लखपति दीदियां, कृषि क्षेत्र के निर्यातक और फूड प्रोसेसर्स भी शामिल होंगे. इस दौरान 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कृषि और ग्रामीण विकास के लिए रोडमैप पर संवाद किया जाएगा तथा किसानों और ग्रामीणों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में घोषित 'शक्ति की सप्त धारा' कृषि और ग्रामीण भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है. इसे जन-आधारित कार्यक्रमों, पारदर्शी निगरानी और मजबूत क्रियान्वयन के जरिए जमीन पर उतारने पर जोर दिया जाएगा. लक्ष्य है कि किसान और ग्रामीण महिलाएं सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठाएं और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो.

कृषि और ग्रामीण विकास पर फोकस

शिवराज सिंह चौहान के साथ होने वाले संवाद में दोनों मंत्रालयों के विभागीय रोडमैप पर चर्चा होगी. इसके साथ ही किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को मजबूत करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप कृषि और ग्रामीण विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना है.

जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कथित फंडिंग मॉड्यूल का खुलासा

ब्रजघाट (हापुड़), 17 अगस्त. उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की कार्रवाई के बाद कथित आतंकी फंडिंग नेटवर्क को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है.

एटीएस के अनुसार, बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव से 14 अगस्त को पकड़े गए दो संदिग्धों में से एक मोहम्मद जफर के पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क से संपर्क के संकेत मिले हैं. जांच एजेंसी का दावा है कि जफर प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए कथित तौर पर चंदा जुटाने और उसे पाकिस्तान स्थित नेटवर्क तक पहुंचाने की गतिविधि में शामिल था. एटीएस के मुताबिक, उसे सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मदरसे के नाम पर लोगों से चंदा एकत्र कर रहा है और इस धनराशि का इस्तेमाल कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है. जांच के दौरान जफर के कथित संपर्कों और डिजिटल गतिविधियों की जांच की गई. एजेंसी का कहना है कि उसके मोबाइल फोन में कई पाकिस्तानी जिहादी व्हाट्सऐप ग्रुप मिले, जिनमें कथित तौर पर जिहाद और चंदे से संबंधित बातचीत मौजूद थी. जफर की पहचान 24 वर्षीय मोहम्मद जफर, पुत्र जहीर, निवासी मीरगंज गांव, पूर्णिया, बिहार के रूप में बताई गई है.

अभिषेक बनर्जी ने खाता फ्रीज करने के खिलाफ दायर की याचिका

कोलकाता, 17 अगस्त. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने अपने निजी बैंक खाते को फ्रीज करने के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है. बनर्जी के अधिवक्ता अयान भट्टाचार्य ने सोमवार को न्यायमूर्ति कृष्णा राव का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया और याचिका दायर करने के लिए तत्काल अनुमति मांगी. उन्होंने अदालत को बताया कि इलाज के लिए प्रस्तावित विदेश यात्रा से ठीक पहले श्री बनर्जी का निजी बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया था, लेकिन बैंक ने इस कार्रवाई का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया.

नेपाली सेना के मानद जनरल बने धीरज

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भारतीय सेना प्रमुख को सौंपी उपाधि

काठमांडू, 17 अगस्त. भारत और नेपाल के बीच सैन्य संबंधों की लंबे समय से चली आ रही विशेष परंपरा सोमवार को एक बार फिर दिखाई दी, जब भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि से सम्मानित किया गया.

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने काठमांडू में आयोजित समारोह में जनरल सेठ को यह सम्मान प्रदान किया. यह उपाधि दोनों देशों के सेना प्रमुखों को एक-दूसरे की सेना में मानद जनरल के रूप में सम्मानित करने की परंपरा के तहत दी गई है. यह परंपरा वर्ष 1950 से चली आ रही है. जनरल धीरज सेठ 17 से 19 अगस्त तक नेपाल की आधिकारिक यात्रा पर हैं. उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच रक्षा सहयोग तथा दोनों सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करना है. यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच सैन्य सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होने की संभावना है. जनरल सेठ ने 30 जून 2026 को भारतीय थल सेना के 31वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था. उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लिया.

असम में 1,000 किसानों को मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार

गुवाहाटी, 17 अगस्त. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार इस साल 'मुख्यमंत्री कृषि उत्कृष्टता पुरस्कार' के तहत 1,000 प्रगतिशील और शिक्षित किसानों को 1-1 लाख रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी.

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का मकसद पढ़े-लिखे युवाओं को खेती को एक अच्छे और आधुनिक करियर विकल्प के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है. सरमा ने कहा, हमें पढ़े-लिखे युवाओं को भी खेती की ओर आकर्षित करना होगा. इसलिए हमने इस साल 1,000 प्रगतिशील और पढ़े-लिखे किसानों को सम्मानित करने का फैसला किया है.

पढ़े-लिखे युवाओं को खेती की ओर आकर्षित करना

एक नजर में

लातेहार हादसा : मौत के मलबे में अपनों को तलाशते लोगों के बीच पहुंचे सांसद बैद्यनाथ राम

लातेहार, 17 अगस्त. झारखंड के लातेहार जिले डेढ़टंगवा घाटी में हुए हृदयविदारक सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया. सड़क पर बिखरा मलबा, क्षतिग्रस्त वाहन और अपनों को खोने के बाद बिलखते स्वजन... शनिवार की शाम का यह मंजर किसी को भी भीतर तक हिला देने वाला था. हादसे की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. मौत के मलबे के बीच अपनों को तलाशते लोगों का दर्द उन्होंने करीब से देखा तो माहौल और भी भावुक हो गया. सांसद ने घटनास्थल पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया. पुलिस, प्रशासन और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली. उन्होंने बचाव कार्य में जुटे लोगों से बात कर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की स्थिति भी जानी.

फडणवीस ने मोदी से मुलाकात कर विकास की विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की

नई दिल्ली, 17 अगस्त. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में चल रही विकास की विभिन्न परियोजना को लेकर उनसे चर्चा की तथा केंद्र-राज्य की संयुक्त परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग देने की अपील की. फडणवीस ने मोदी से मुलाकात की तस्वीर को सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए लिखा, आज मैंने नयी दिल्ली में हमारे वैश्विक नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाक़ात की. इस दौरान हमने कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा, मैंने उन्हें कई विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी और केंद्र-राज्य की संयुक्त परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग का अनुरोध किया. विकास से जुड़े मुद्दों पर लगातार और बहुमूल्य मार्गदर्शन तथा महाराष्ट्र को मज़बूत समर्थन के चलते राज्य लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

पूर्व महापौर के रिश्तेदार की हत्या, तीन गिरफ्तार

राजनांदगांव, 17 अगस्त. छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के चिखली थाना क्षेत्र में कल रात पूर्व महापौर के रिश्तेदार पप्पू देशमुख (50) की हत्या कर दी गई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है. पुलिस से आज प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना कल रात लगभग 10 से 10:30 बजे के बीच की बताई जा रही है. इस दौरान पप्पू अपने घर पर मौजूद था तभी तीन लोग उसके घर में घुसे. कुछ देर बाद वे उसे अर्द्धमूर्छित (बेहोशी की हालत) अवस्था में घर से बाहर निकालकर एक अन्य स्थान पर ले गए, जहाँ शक है कि चौथा आरोपी पहले से मौजूद था. आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान उसके साथ गंभीर मारपीट की गई होगी. पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने बताया कि घर के बाहर लगे सीसीटीवी कमरे में तीन लोग घर में घुसते दिखाई दे रहे है और फिर थोड़ी देर बाद वहीं लोग उसे कंधे पर उठाकर बाहर की ओर ले जाते दिखाई दे रहे हैं.

18 से 31 तक भारत-थाईलैंड के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री'

नई दिल्ली, 17 अगस्त. भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'मैत्री' 18 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा. इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्रचार्टर के तहत जंगल और अर्ध-शहरी इलाकों में संयुक्त रूप से उग्रवाद एवं आतंकवाद रोधी अभियान संबंधी क्षमताओं को बढ़ाना है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. इस अभ्यास का आयोजन थाईलैंड के सूरत थानी प्रांत स्थित विभावदि रंगसित शिविर में किया जाएगा. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सेना की टुकड़ी सोमवार को भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए थाईलैंड रवाना हो गई.

जेपीएससी इंटरव्यू में 40 लाख रुपये वसूली का आरोप

- तत्कालीन सदस्य की पीए बीएन राम गिरफ्तार
- साक्षात्कार में अंक बढ़वाने के नाम पर की वसूली

रांची, 17 अगस्त. झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेपीएससी की तत्कालीन सदस्य डॉ. अजीता भट्टाचार्य के निजी सहायक (पीए) बीएन राम को गिरफ्तार किया है.

उन पर अभ्यर्थियों का इंटरव्यू मैनेज कराने और चयन सुनिश्चित कराने के नाम पर करीब 40 लाख रुपये की वसूली करने का आरोप है. सीआईडी की जांच में सामने आया है कि साक्षात्कार में अंक बढ़वाने और अभ्यर्थियों का चयन कराने के नाम पर कथित तौर पर बड़ी रकम की मांग की गई थी. मामले में बीएन राम की भूमिका की जांच चल रही थी. पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सीआईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया. इधर, जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल. ख्यांगते से सीआईडी ने दो दिन पूछताछ की. पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया. जेपीएससी में कथित गड़बड़ी, साक्ष्यों से छेड़छाड़ और परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने से जुड़े मामलों की सीआईडी जांच कर रही है.

शेख हसीना की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी नहीं : आईसीटी

ढाका, 17 अगस्त. अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) के मुख्य अभियोजक मोहम्मद अमीनुल इस्लाम ने आज कहा कि 2024 में सत्ता से हटाये जाने के बाद से भारत में रह रहीं बेदखल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदा स्थिति के बारे में बंगलादेश के पास कोई विशिष्ट जानकारी नहीं है. पूर्व प्रधानमंत्री की अपने देश वापसी के लिए अदालत की मंजूरी की आवश्यकता से जुड़ी भारतीय मीडिया की रिपोर्ट के संबंध में आईसीटी के मुख्य अभियोजक ने कहा कि इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि वह राजनीतिक शरण के तहत भारत में हैं या उनकी सटीक कानूनी स्थिति क्या है.

ब्रिक्स पर्यावरण समूह की बैठक में चार प्राथमिकताओं पर सहमति

नई दिल्ली, 17 अगस्त. भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पर्यावरण कार्य समूह और जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास पर सोमवार को संपर्क समूह के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई.

इसमें ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को यहां भारत मंडपम में हुई बैठक में चार प्रमुख क्षेत्रों- सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना, वनीकरण एवं वन अग्नि प्रबंधन तथा आपदा निवारण, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु अनुकूलन में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई.

श्री कुमार ने कहा कि पिछले दो दशकों में ब्रिक्स आर्थिक संवाद के मंच से आगे बढ़कर प्रदूषण, जैव विविधता के नुकसान और वैश्विक तापमान वृद्धि जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने का प्रभावशाली मंच बन गया है जिसमें सतत विकास, जलवायु अनुकूलन, संसाधन दक्षता, चक्रीय अर्थव्यवस्था और पर्यावरणीय शासन के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया है.

आज का इतिहास

1947: भारत के विभाजन के बाद रैडक्लिफ लाइन के आधार पर भारत और पाकिस्तान के बीच पंजाब तथा बंगाल की सीमाओं की आधिकारिक घोषणा की गई।

1909: भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा को लंदन में फांसी दी गई। उन्होंने ब्रिटिश अधिकारी सर कर्जन वायली की हत्या की थी।

1920: राम प्रसाद बिस्मिल के साथ जुड़े स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में क्रांतिकारी गतिविधियों को लेकर देशभर में अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष तेज था।

हरियाणा-पंजाब में भारी बारिश का अलर्ट

23 अगस्त तक जारी रहेगा बारिश का दौर

06 सेंटीमीटर सबसे अधिक बारिश प्रतापनगर में हुई

पंचकूला, 17 अगस्त. आईएमडी के मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से 17 अगस्त को जारी बुलेटिन के अनुसार, हरियाणा में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई. कई इलाकों में गरज-चमक और आकाशीय बिजली भी दर्ज की गई.

यमुनानगर के प्रतापनगर में सबसे अधिक 6 सेंटीमीटर बारिश हुई. करनाल में 4 सेंटीमीटर तथा करनाल एएसडब्ल्यूएस, कुरुक्षेत्र के लाडवा और शाहबाद, यमुनानगर के ताजेवाला और करनाल रेव में 3-3 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा में 17, 19, 20, 22 और 23 अगस्त को कुछ स्थानों पर तथा 18 और 21 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. 17, 18 और 21 अगस्त को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है. 17 अगस्त को यमुनानगर में भारी बारिश की चेतावनी है.

हस्तियों के ट्वीट

भारत न्यूयॉर्क के ऑफिसियल ट्विटर हेंडल की ओर से एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा गया है कि इस कार्यक्रम में कांग्रेसमैन टॉम सुओज़ी, कांग्रेसमैन निक लालोटा, न्यूयॉर्क स्टेट रिपब्लिकन पार्टी के चेयरमैन एड कॉक्स, नासाउ काउंटी एग्जीक्यूटिव ब्रूस ब्लेकमैन, नासाउ काउंटी रिपब्लिकन कमेटी के चेयरमैन जोसेफ जी. कैरो जूनियर और अन्य चुने हुए नेताओं के साथ-साथ भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भी शामिल हुएँ. यह जश्न प्रवासी समुदाय के जोश और भारत व अमेरिका के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाता हैं.

भारतीय राजनीतिज्ञ और लेखक शशि थरूर ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि निबंधों के संग्रह - जिसका विषय था क्या अब भारतीय हाथी के लिए चीनी ड्रैगन के साथ नृत्य करने का समय आ गया है? -के लॉन्च पर भारत-चीन संबंधों पर दिए गए मेरे भाषण में भारत-चीन संबंधों में आई सावधानी भरी नरमी और टकराव से बातचीत की ओर हुए स्वागतयोग्य बदलाव पर चर्चा की गई.

रिपोर्ट डीपटेक में भारत की बढ़ती ताकत, भारत के डीपटेक सेक्टर में एआई सबसे आगे

11 साल में आया 11.4 अरब डॉलर निवेश

नई दिल्ली, 17 अगस्त. सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के डीपटेक सेक्टर ने वर्ष 2015 से 2026 के बीच अब तक निजी इक्विटी (पीई) और वेंचर कैपिटल (वीसी) निवेश में लगभग 11.4 अरब डॉलर आकर्षित किए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्टअप फंडिंग में व्यापक सुस्ती के बावजूद 2025 डीपटेक निवेश के लिए अब तक का सबसे मजबूत वर्ष बनकर उभरा है. इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 के बाद से डीपटेक क्षेत्र में निवेश गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई है, जो दुनिया भर में उभरती अत्याधुनिक तकनीकों की ओर बढ़ते निवेश रुझान को दर्शाती है. भारत में विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), जेनरेटिव एआई, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) और बैटरी टेक्नोलॉजी ने निवेशकों को सबसे अधिक आकर्षित किया है. इसके अलावा, सेमीकंडक्टर और स्पेसटेक ऐसे क्षेत्र रहे हैं जिन्होंने सबसे तेज विकास दर्ज किया है. भारत सरकार की सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष क्षेत्र को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का डीपटेक निवेश आधार फिलहाल मुख्य रूप से घरेलू निवेशकों पर आधारित है. फैमिली ऑफिस, संस्थागत निवेशक और उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्ति (एचएनआई) इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं. हालांकि हाल के वर्षों में वैश्विक निवेशकों और कॉरपोरेट एलपी की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है.

नौसेना को मिलेंगे 2 अमेरिकी समुद्री निगरानी ड्रोन

- भारत ने अमेरिका से लीज पर लेने किए हस्ताक्षर
- दोनों देशों के बीच 1943 करोड़ का हुआ अनुबंध

नयी दिल्ली, 17 अगस्त. भारत ने समुद्री क्षेत्र विशेष रूप से हिन्द महासागर में निगरानी व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए नौसेना के लिए 1943 करोड़ रुपये की लागत से अमेरिकी कंपनी से ढाई साल के लिए दो अत्याधुनिक ड्रोन प्रणाली लीज यानी पट्टे पर लेने के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं.

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि उसने नौसेना के लिए 30 महीने की अवधि के लिए दो एम क्यू-9बी सी गार्डियन हाई-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्यूरेंस (एच ए एलई) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) को पट्टे पर लेने के लिए जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स, इंक के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं. इसके लिए दोनों के बीच करीब 1,943 करोड़ रुपये का अनुबंध हुआ है.